# उच्च शिक्षा में तबादलों के लिये प्रभावी नीति बनाई जाए : सीएम

## कॉलेज व्याख्याताओं के एक हजार और पदों पर भर्ती की मंजूरी

- **नए कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए 200 करोड़ का बजट को भी मंजूर किया**

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि उत्कृष्ट मानव संसाधन तैयार करने की दृष्टि से प्रदेश में युवाओं को गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षा मिले। इसके लिए अधिकारी ऐसा पुख्ता मैकेनिज्म तैयार करें जिससे सभी कॉलेजों में यूजीसी सहित अन्य मापदंडों की प्रभावी पालना सुनिश्चित हो। उन्होंने कॉलेज व्याख्याताओं के 1 हजार और पदों पर भर्ती की स्वीकृति देने के साथ ही नए कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपए के बजट की मंजूरी भी दी।

गहलोत बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं के करियर निर्माण को ध्यान में रखते हुए हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि राज्य में उच्च शिक्षा का स्तर अव्वल दर्जे का हो। उन्होंने कहा कि कॉलेजों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी कॉलेजों की दैनिक गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा सकती है।

गहलोत ने निर्देश दिए कि राजकीय कॉलेजों में पढ़ाई की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए रिक्त पदों पर भर्ती एवं पदोन्नति की कार्यवाही को गति दें। उन्होंने कहा कि राजस्थान लोक सेवा आयोग के माध्यम से कॉलेज शिक्षकों के करीब 1 हजार पदों पर चल रही भर्ती की प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने 1 हजार और पदों पर भर्ती की स्वीकृति देते हुए इसकी प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में तबादलों के लिए प्रभावी नीति भी बनाई जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए भूमि का आवंटन हो चुका है, उनका निर्माण कार्य दो माह में आवश्यक रूप से शुरू हो। साथ ही शेष कॉलेजों के भूमि आवंटन प्रकरणों की मुख्य सचिव के स्तर पर समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए दूरस्थ स्थानों पर नहीं जाना पड़े। इस उद्देश्य से सरकार ने विगत तीन वर्षों में 123 नए राजकीय महाविद्यालय खोले हैं। इन महाविद्यालयों के भवन-निर्माण, विभिन्न पदों पर भर्ती और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में मिशन भावना के साथ काम करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा प्रभावी सिस्टम विकसित किया जाए कि निजी कॉलेजों में यूजीसी एवं अन्य निर्धारित मापदंड आवश्यक रूप से पूरा होना सुनिश्चित हों। साथ ही इन कॉलेजों में कार्यरत फैकल्टी यूजीसी के नियमों के अनुरूप पात्रता पूर्ण करने वाली हो तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुरूप उचित वेतन सीधे उनके बैंक खातों में मिले।

श्री गहलोत ने महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेन्स एंड सोशल साइंसेज, हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय जयपुर तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर के भवन निर्माण का कार्य भी जल्द शुरू कराए जाने के निर्देश दिए।

## कांग्रेस क्या मारपीट को सत्ता चलाने का तरीका मानती है? : शेखावत

**जयपुर**। भरतपुर में गरीब ठेलेवाले की नगर निगम कर्मियों द्वारा पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूछा कि कांग्रेस क्या मारपीट को सत्ता चलाने का तरीका मानती है?

शेखावत ने कहा कि राजस्थान की सत्ता का सच दिखाता एक और वीडियो सामने आया है। भरतपुर में एक गरीब ठेलेवाले को नगर निगम कर्मी पीट रहे हैं। वहां निगम पर कांग्रेस का कब्जा है। अत: बताने की जरूरत नहीं, गरीब को मारने-पीटने की छूट कहां से मिली है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब कांग्रेस कहेगी वीडियो दिखाकर राजनीति की जा रही है। मैं जानना चाहता हूं कि एक गरीब आदमी से अमानवीयता को गलत बताना यदि राजनीति है तो फिर कांग्रेस क्या मारपीट को सत्ता चलाने का तरीका मानती है? क्या गहलोत सरकार के कायदे हिंसा से समझाए जाते हैं?

# अशोक गहलोत झूठों के सरदार हैं : सतीश पूनिया

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मंत्रिमंडल के पुनर्गठन के बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने पलटवार किया है। भाजपा मुख्यालय पर पूनिया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अशोक गहलोत झूठों के सरदार हैं। गहलोत और कांग्रेस पार्टी दोनों भी अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रही है। तीन साल बाद जिस शक्ल में मंत्रिमंडल का पुनर्गठन हुआ है और उसके बाद दयाराम परमार, भरत सिंह जैसे विधायक उस पर सवाल उठा रहे हैं। इससे साफ है कि अब कोई भी नेता मुख्यमंत्री की बात पर विश्वास नहीं करेगा।

पूनिया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी वर्तमान में सभी कार्यक्रम 2023 के चुनाव को परिप्रेक्ष्य में रखकर कर रही है। ऐसे में शाह का संबोधन उसे और मजबूती देगा। पूनिया ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक दोनों दिन तीन-तीन सत्रों में होगी। इस बैठक में सभी विधायक और सांसदों को भी बुलाया गया है। समापन सत्र को अमित शाह संबोधित करेंगे। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संबोधन सोशल मीडिया के जरिये लाइव किया जाएगा। ताकि प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता उनके संबोधन को सुन सके।

**गृहमंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में रंग-रोगन कराया जा रहा है।**

# 14 महिला-पुरुषों को जयपुर फुट केन्द्र में कृत्रिम पैर और कैलीपर्स लगाये

**नेपाल के बांके जिले के कोहालपुर कस्बे से भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस) में आये 14 महिला और पुरूषों का बुधवार को कृत्रिम पैर और कैलीपर्स आदि लगाकर पुर्नवास किया गया।**

**जयपुर**, (कासं)। नेपाल के 14 महिला और पुरूषों का बुधवार को जयपुर फुट केन्द्र में कृत्रिम पैर और कैलीपर्स आदि लगाकर पुर्नवास किया गया। यह विकलांग नेपाल के बांके जिले के कोहालपुर कस्बे से भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस) में नि:शुल्क कृत्रिम पैर और कैलिपर्स लगवाने के लिए विशेष तौर पर आए हैं।

भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता ने बताया कि जिन 14 नेपालियों को पुर्नवास किया गया उसमें ऐसे लोग थे जो वर्षो से कृत्रिम पैर और पोलियों पुर्नवास उपकरण के अभाव में कष्ट मय जीवन व्यतीत कर रहे थे।

बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता ने कहा कि नेपाल में ऐसे सैकडों लोग जो जयपुर फुट चाहते हैं के लिए नेपाल विभिन्न शहरों में शिविर लगाकर उनका पुर्नवास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेपाल से जो जयपुर आकर कृत्रिम पैर लगवाना चाहते हैं वह भी समूह के रूप में आकर नि:शुल्क सेवा ले सकते हैं।

## भाजपा में प्रत्याशी चयन को लेकर बैठकों का दौर जारी

**जयपुर**। भाजपा मुख्यालय पर बुधवार को पंचायत चुनाव में प्रत्याशी चयन को लेकर बैठकों का दौर जारी है। माना जा रहा है कि आज या कल तक सभी जगहों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और राष्ट्रीय मंत्री हल्का गुर्जर सहित कई नेताओं के बीच टिकट चयन को लेकर चर्चा हुई।

इस दौरान राजेंद्र राठौड़ ने सरकार पर पंचायती राज संस्थाओं को पंगु बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले 18 महीनों से लगातार पंचायती राज के चुनाव हो रहे हैं। राज्य वित्त आयोग के गठन में भी सरकार ने डेढ़ साल का समय लगा दिया। यही नहीं छठे वित्त आयोग से एक भी पैसा पंचायतों को नहीं मिला है। पंचायतों के लगातार चुनाव चल रहे हैं। चुनाव को कई टुकड़ों में चलाकर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके सरकार अपने हुए जनाधार को पाना चाहती है। भाजपा पूरे दमखम के साथ लड़ेगी और इन सारे विषयों को पंचायत चुनाव में जनता के समक्ष रखा जाएगा। राठौड़ ने कहा कि जल्द ही प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

# प्रदेश में उन जिलों की संख्या बढ़ी जहां नए करोना संक्रमित मिल रहे हैं

## राज्य में पहले 4 से 5 जिलों में नए संक्रमित मिल रहे थे, लेकिन अब इनकी संख्या 9 तक पहुंच गई

- **प्रदेश में बुधवार को 21 नए संक्रमित मिले, इनमें सबसे ज्यादा 10 रोगी जयपुर में पाए गए हैं।**
- **राज्य में एक्टिव केस बढ़कर दो सौ के पार हो गए हैं।**
- **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देश में करोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की आशंका के मद्देनजर केन्द्र सरकार से बूस्टर डोज के संबंध में जल्द फैसला करने की अपील की है।**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। प्रदेश में करोना संक्रमण का दायरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इसके चलते बुधवार को 9 जिलों में 21 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 10 रोगी जयपुर में पाए गए हैं। वहीं राज्य में एक्टिव केस बढ़कर दो सौ के पार हो गए हैं। इस बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देश में करोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की आशंका के मद्देनजर केन्द्र सरकार से बूस्टर डोज के संबंध में जल्द फैसला करने की अपील की हैं।

प्रदेश में बुधवार को थोड़ी और वृद्धि के बाद 21 नए करोना संक्रमित सामने आए है। इससे पहले मंगलवार को 15 मरीज मिले थे। वहीं आज सबसे ज्यादा 10 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा अलवर, जोधपुर व नागौर में 2-2, उदयपुर, अजमेर, बीकानेर, भीलवाड़ा और सीकर में 1-1 नया रोगी मिला है। इस बीच राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 3 नए मरीज विद्याधर नगर इलाके में पाए गए हैं। वहीं आदर्श नगर व जगतपुरा में 2-2 और मुरलीपुरा, टोंक फाटक तथा विराट नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। जयपुर में आज मिले संक्रमितों में दो निजी स्कूल के बच्चे भी शामिल है। इनमें एक छात्रा पिछले 10 दिनों से स्कूल नहीं जा रही थी और ऑनलाइन ही पढ़ाई कर रही थी। इस बच्ची के परिवार में कुछ दिन पहले एक सदस्य संक्रमित मिला था, जिसके बाद आज बच्ची भी पॉजिटिव मिली है। बच्ची में करोना के हल्के लक्षण है। वहीं पॉजिटिव मिला दूसरा बच्चा ढहर के बालाजी स्थित एक निजी स्कूली में पढ़ता है। वह भी पिछले एक सप्ताह से स्कूल नहीं जा रहा था।

राज्य के 24 जिलों में करोना का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया। इनमें 18 जिलों में अब न कोई नया संक्रमित है और न ही कोई एक्टिव केस बचा है। प्रदेश में बुधवार को 11 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही अब तक इस बीमारी से 9 लाख 45 हजार 648 लोग स्वस्थ हो चुके है। बुधवार को नए संक्रमितों के मुकाबले में फिर रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 203 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 115 मामले जयपुर में तथा 23 केस अजमेर में हैं। इसके अलावा 14 जिले अलवर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, दौसा, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, पाली, राजसमंद, सीकर और उदयपुर में 20 से कम एक्टिव केस हैं। प्रदेश में बुधवार को भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालाकि इस बीमारी से अब तक 8955 लोगों मौत हो चुकी है।

उधर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केन्द्र सरकार से बूस्टर डोज के संबंध में जल्द फैसला करने की अपील की हैं। गहलोत ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि केन्द्र सरकार बूस्टर डोज के संबंध में जल्द फैसला लें जिससे कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा सके।


**नाम परिवर्तन**

I, Rajesh Taneja S/o Vidhadhar Taneja R/o 76, 1st floor Laxman colony, new sanganer road, jaipur. I have changed my minor daughter's name from Angel to Angel Taneja for all further purposes.

I, Ayaan S/o Rajesh Taneja R/o 76, 1st Floor Laxman Colony, New Sanganer Road, Jaipur. I have changed my name to Ayaan Taneja for all further purposes.

I, change my name Aseshta to Aseshta Sharma for all purose Add. 005G MBBS Girls Hostel Mahatma Gandhi Medical College Jaipur.

मैं शशिकांत सिंह उर्फ पॉल रोमारियो (Paul Romario) S/o हौसिला प्रसाद, मेरा वास्तविक नाम पॉल रोमारियो है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। 58, ब्रजमंडल कॉलोनी, कालवाड रोड, झोटवाड़ा, जयपुर-12

मैंने अपना नाम रेणुका पराडकर पत्नि श्री कुलदीप सिंह राजावत से बदलकर रेणुका राजावत कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पताः 64-बी, जगदम्बा नगर विस्तार, हरनाथपुरा, झोटवाड़ा, जयपुर

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि एक मकान नं. 50/430 सेक्टर-5, प्रताप नगर, सांगानेर में स्थित है जिस पर मेरे पिताजी स्व. विरेन्द्र पापडीवाल ने एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त मकान नं. 50/430 सेक्टर-5, प्रताप नगर, सांगानेर के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (MORTGAGE) कर रखे हैं। यह कि मेरे पिताजी वीरेन्द्र पापडीवाल का दिनांक 03.09.2021 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त मकान/प्लाट के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिये अब मैं उक्त मकान के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहता/चाहती हुं, यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड सी-25, भगवानदास रोड, सी-स्कीम, जयपुर-302001 (फोन नम्बर 0141-41404888) में सम्पर्क करें। सूचित रहें। आशीष पापडीवाल पुत्र स्व. वीरेन्द्र पापडीवाल निवासी 50/430, सैक्टर-5, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर, दिनांक 01.12.2021 मो. नं. 7073412586

**कार्यालय नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर**
क्र.- एफ-6( ) उपा.राज.-द्वि.( सा.प्र. )/ननिज/2021/514
**सार्वजनिक सूचना** दिनांक-26.11.2021
मूल भूखण्ड संख्या बी-123, मोती डूंगरी विस्तार, जयपुर का अर्बन इम्प्रूवमेन्ट बोर्ड, जयपुर द्वारा श्रीमती लीला असावा के नाम से क्षेत्रफल 1395.55 वर्गगज भूमि का आवंटन किया गया था। आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, मूल मृत्यु प्रमाण पत्र, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों एवं कनिष्ठ अभियंता की मौका रिपोर्ट के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा श्रीमती लीला असावा पत्नी स्व. श्री बी.एल. असावा के पक्ष में क्षेत्रफल 668.88 वर्गगज का उपविभाजन जारी किया जाना है। इस उपविभाजन जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व- द्वितीय) प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समप्ति के बाद, नियमानुसार उपविभाजन जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
**उपायुक्त (राजस्व- द्वितीय) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 121/2021
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्रीमती विमी कक्कड निवासी मकान नं. ए-65, राम मार्ग, श्याम नगर जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत स्पाजिया श्याम ट्रस्ट जिला जयपुर, प्रन्यास के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 22.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 25.01.2022
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**-www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक: जविप्रा/जोन-9/2021/डी-1025 दिनांक: 27.11.2021
**सार्वजनिक विज्ञप्ति**- निजी खातेदारी योजना भैरव नगर के भूखण्ड संख्या 63 क्षेत्रफल 251.28 वर्गगज की लीजडीड श्री नाथूलाल गुर्जर पुत्र श्री देवकरण गुर्जर के नाम से दिनांक 9.1.13 को जारी की गई थी। श्री नाथूलाल गुर्जर की मृत्यु उपरान्त उनके वारिसान श्री शिवराज गुर्जर, राजकरतारण गुर्जर, श्री भरतलाल गुर्जर, श्री करण सिंह गुर्जर पुत्रान स्व. श्री नाथूलाल गुर्जर द्वारा जरिये रजिस्टर्ड हव्क त्याग पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सजरा प्रमाण पत्र, रुपये के आधार पर नाम हस्तानान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन संख्या 83496 प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण में पहा जारी किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही कर दी जावेगी।
(विजेन्द्र कुमार मीवा) उपायुक्त जोन-9

**राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-11006 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक: 9/11/2021
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नैगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 266/38 (MIG-A), (एरिया 96.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री मुरलीधर पुत्र श्री टोपन दास को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2775 दिनांक 29.06.2012 को जारी किया गया। श्री मुरलीधर के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 12.07.2013 को उप पंजीयक-अष्टम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री मुरलीधर द्वारा उक्त आवास को दिनांक 12.07.2013 के द्वारा श्री विजय कुमार गुरनानी पुत्र श्री देवीदास गुरनानी के नाम विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक जयपुर-अष्टम, के यहां पंजीकृत करवाये गया। श्री विजय कुमार गुरनानी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 04.02.2021 के द्वारा श्री मनीष कुमार बढ़ाया पुत्र श्री प्रभुदयाल बढ़ाया एवं श्रीमती शिल्पी खण्डेलवाल पत्नी श्री मनीष कुमार बढ़ायाके नाम विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक जयपुर-चतुर्थ, के यहां पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री मनीष कुमार बढ़ाया पुत्र श्री प्रभुदयाल बढ़ाया एवं श्रीमती शिल्पी खण्डेलवाल पत्नी श्री मनीष कुमार बढ़ाया द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास के रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तानारण बाबत किसी व्यक्ति/पत्रकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री मनीष कुमार बढ़ाया पुत्र श्री प्रभुदयाल बढ़ाया एवं श्रीमती शिल्पी खण्डेलवाल पत्नी श्री मनीष कुमार बढ़ायाकानाम का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। हस्मदा प्रबन्धक, वृत्त प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-11401 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक: 25/11/2021
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नैगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 83/128 (MIG-A), (एरिया 154.35 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री राजकुमार खेमानी पुत्र श्री मदनलाल खेमानी एवं श्रीमती अन्जु खेमानी पत्नी श्री राजकुमार खेमानी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 6400 दिनांक 11.12.2001 को जारी किया गया। श्री राजकुमार खेमानी एवं श्रीमती अन्जु खेमानी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 27.03.2005 को उप पंजीयक-सांगानेर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री राजकुमार खेमानी एवं श्रीमती अन्जु खेमानी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 19.04.2005 के द्वारा श्री अरूण कुमार झाँ पुत्र स्व. श्री गणेश चन्द झाँ एवं श्रीमती अनिता झाँ पत्नी श्री अरुण कुमार झाँ के नाम विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री अरूण कुमार झाँ पुत्र स्व. श्री गणेश चन्द झाँ एवं श्रीमती अनिता झाँ पत्नी श्री अरुण कुमार झाँ के आवेदन करने पर कार्यालय आदेश क्रमांक 2287 दिनांक 13.09.2007 के द्वारा मण्डल मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज किया गया। श्री अरूण कमार झाँ एवं श्रीमती अनिता झाँ द्वारा उक्त आवास को दिनांक 16.05.2011 के द्वारा श्री जय प्रकाश नारायण पुत्र स्व. श्री नरेन्द्र कुमार सालोदिया एवं श्रीमती गीता सालोदिया पत्नी श्री जय प्रकाश नारायण के नाम विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र स्व. रजिस्ट्रार-जयपुर-पंचम, के यहां पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री जय प्रकाश नारायण पुत्र स्व. श्री नरेन्द्र कुमार सालोदिया एवं श्रीमती गीता सालोदिया पत्नी श्री जय प्रकाश नारायण द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास के रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तानारण बाबत किसी व्यक्ति/पत्रकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्रीमती रतन अग्रवाल पत्नी स्व. श्री रामबाबू अग्रवाल के नाम मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तांतरण बाबत किसी व्यक्ति/पत्रकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्रीमती रतन अग्रवाल पत्नी स्व. श्री रामबाबू अग्रवाल के नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
भवदीय, सम्पदा प्रबन्धक वृत्त प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक 10997 जाहिर आम सूचना दिनांक 9.11.2021
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर योजना में आवास संख्या 61/51 (HIG) (एरिया 189 वर्गमीटर) प्रताप नगर सांगानेर का आवंटन श्री गोविन्द चन्द माथुर पुत्र श्री गणपत चन्द माथुर को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1620 दि.29.2.1992 को जारी किया गया। डॉ.ललितमोहन माथुर के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दि. 28.9.2000 को उपपंजीयक सांगानेर जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। डॉ ललितमोहन माथुर द्वारा उक्त आवास को दि.3.5.2013 के द्वारा श्री अरूण जैन पुत्र स्व.श्री धमनलाल जैन के नाम विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र उपपंजीयक पंचम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री अरूण जैन की मृत्यू दि.25.9.2013 हो जाने के कारण उनके समस्त उत्तराधिकारीयों द्वारा श्रीमती रमणीक जैन पत्नी स्व.श्री अरूण जैन के हक में उक्त सम्पत्ति में निहित अपने अपने समस्त हकों का त्यागकर एक हक त्याग पत्र कार्यालय उपपंजीयक जयपुर दशम के यहां पर दि.15.10.2015 को पंजीबद्ध करवा दिया गया। श्रीमती रमणीक जैन के आवेदन पर कार्यालय के पत्रक्रमांक 11592 दि.23.12.2015 को मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया गया।श्रीमती रमणीक जैन द्वारा उक्त आवास को दिनांक 30.12.2015 के द्वारा श्रीमती नीरू वर्मा पत्नी श्री देवदर्मा के नाम विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र उपपंजीयक दशम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती नीरू वर्मा के आवेदन पर कार्यालय के पत्र कमाक 5704 दि.26.12.2017 को मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया गया। श्रीमती नीरू वर्मा द्वारा उक्त आवास को दि.31.7.2019 के द्वारा श्रीमती रतन अग्रवाल पत्नी श्री रामबाबू अग्रवाल एवं श्री रामबाबू अग्रवाल पुत्र स्व.श्री बंशीलाल अग्रवाल के नाम विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक जयपुर प्रथम के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री रामबाबू अग्रवाल की मृत्यू दि.18.4.2021 हो जाने के कारण उनके समस्त उत्तराधिकारियों द्वारा श्रीमती रतन अग्रवाल पत्नी स्व.श्री रामबाबू अग्रवाल के हक में उक्त सम्पत्ति में निहित अपने अपने समस्त हकों का त्याग कर एक हकत्याग पत्र कार्यालय उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर के यहां पर दि.19.8.2021 को पंजीबद्ध करवा दिया गया। श्रीमती रतन अग्रवाल पत्नी स्व.श्री रामबाबू अग्रवाल द्वारा मण्डल में उक्त आवास में स्वयं का नाम मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तांतरण बाबत किसी व्यक्ति/पत्रकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्रीमती रतन अग्रवाल पत्नी स्व. श्री रामबाबू अग्रवाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
भवदीय, सम्पदा प्रबन्धक वृत प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक 11008 जाहिर आम सूचना दिनांक 9.11.2021
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर योजना में आवास संख्या 61/151, (HIG), (एरिया 216 वर्गमीटर) प्रताप नगर सांगानेर का आवंटन श्री गोविन्द चन्द माथुर पुत्र श्री गणपत चन्द माथुर को किया जाकर आवंटन पत्र कमांक 1654 दि.29.2.1992 को जारी किया गया। तत्पश्चात आवास का नियमितिकरण श्री रामबाबू अग्रवाल पुत्र श्री बंशीलाल अग्रवाल के नाम पत्र कमांक 95/818 दि. 10.8.2001 के द्वारा इनके नाम किया जाकर इनके पक्ष में पंजीयन प्रपत्र उपपंजीयक सांगानेर प्रथम, जयपुर के यहां दि. 16.8.2001 को पंजीकृत करवाये गये। श्री रामबाबू अग्रवाल की मृत्यू दि. 18.4.2021 हो जाने के कारण इनके उत्तराधिकारी श्री भानू प्रकाश अग्रवाल पुत्र स्व.श्री रामबाबू अग्रवाल द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तांतरण करने हेतु निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तांतरण बाबत किसी व्यक्ति/पत्रकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्री भानू प्रकाश अग्रवाल पुत्र स्व.श्री रामबाबू अग्रवाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
भवदीय, सम्पदा प्रबन्धक वृत प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

**खोया पाया**
It is notified for the information that my original qualifying examination certificate of Main Secondary Examination of Year 2014 and Roll no. 1117285 issued by CBSE has been actually lost. Araudra Singh. 9711762824.

मेरा प्लाट संख्या 66 खसरा नम्बर 472 श्री तिरुपति बालाजी विहार ग्राम आवानिया तहसील सांगानेर की रजिस्ट्री (चैन डाक्यू